## समय पर नहीं पहुंची एम्बुलेंस, इलाज को लेकर अस्पताल प्रबंधन पर भड़के परिजन

# 22 सालों से इलाज को मोहताज सौंसर क्षेत्रवासी, सड़क पर तड़पते रहे घायल




### प्राथमिक उपचार में हुई देरी भड़क गए घायलों के परिजन

मिली जानकारी के अनुसार ऑटो दुर्घटना में घायलो को सौसर अस्पताल में इलाज के लिए लाने के बाद में अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में इलाज नहीं मिल पाया है। डॉक्टरों के द्वारा घायलो को नागपुर छिंदवाड़ा रेफर करने पर जोर दिया गया। जिस पर घायलों के परिजन अस्पताल प्रबंधन पर भड़क कर अस्पताल परिसर के अंदर ही विरोध करने लगे थे।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

नगर के 100 बिस्तर के अस्पताल में डॉक्टरों कर्मचारियों के द्वारा प्राथमिक उपचार और घटनास्थल पर 108 एम्बुलेंस लेट पहुंचने के चलते सौसर अस्पताल में मरीजों के परिजनों ने शुक्रवार को जमकर हंगामा कर दिया। घायलो के परिजनों का कहना था कि 100 बेड के अस्पताल में घायलों को लाने के बाद में अस्पताल प्रबंधन के द्वारा प्राथमिक इलाज न करते हुए जबरदस्ती मरीजों को नागपुर छिंदवाड़ा की ओर रेफर किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बोरगांव पेट्रोल पंप के पास में शुक्रवार दोपहर में एक ऑटो दुर्घटना हो गई थी। जिसमें एक महिला यात्री की मौत एवं 12 यात्री घायल हो गए थे।दुर्घटना के बाद जब घायलों को सौसर अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों के द्वारा संसाधनों की कमी बताकर घायलो को नागपुर छिंदवाड़ा रेफर करने की बात घायलों के परिजनों से की थी। जिसके बाद घायलों के परिजन भड़क गए थे। इलाज 100 बेड की सुविधाये अव्यवस्थाओं को लेकर परिजनों के द्वारा सौसर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ विरोध किया है।

### सालों से सुविधाएं नहीं ला पाए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि

घायलों को प्राथमिक सुविधा और इलाज नहीं मिलने के बाद घायल के परिजनहितेश बसोड़,दीपक ने बताया कि 108 को फोन करने के बावजूद भी आधे घंटे तक कोई नही आया,मजबूरी में प्राइवेट टैक्सियों के घायलों को अस्पताल में लाया गया। दुर्घटना होने के बाद में महाराष्ट्र के अस्पतालों में तुरंत इलाज एम्बुलेंस आदि की सुविधा मिलती है। यहां सौसर में सालो का जमाना गुजर चुका है, फिर भी सौसर के अस्पताल में 100 बेड की सुविधाये क्यों नहीं मिल रही है। यहां के हॉस्पिटल में डॉक्टर संसाधन एम्बुलेंस की भारी कमी है। सौसर के जनप्रतिनिधि क्या कर रहे हैं। घायलों को अस्पताल में लाने के बाद डॉक्टरो के द्वारा बिना प्राथमिक इलाज किये ही मरीजों को नागपुर छिंदवाड़ा की ओर रेफर किया जा रहा था। आधे घंटे तक मरीज दुर्घटना स्थल पर तड़पते रहे है।

### साहब सौंसर अस्पताल की 2 सालों से बंद है सोनोग्राफी मशीन

सोचने वाली बात है 2003 में कांग्रेस शासन में सौसर 100 बेड के अस्पताल का शुभारंभ किया था,तब से लेकर अब तक 22 सालों का जमाना गुजर जाने के बाद में अस्पताल कोई सुधार न होते हुए अव्यवस्थाओं में भारी बढ़ोतरी हो गई है। भाजपा कांग्रेस की सरकारे आई और चली गई, बावजूद इसके अब तक जनप्रतिनिधिसौसर अस्पताल को 100 बेड की सुविधाये उपलब्ध नहीं करा पाए है। वर्तमान में यहां पर एमडी डॉक्टर,स्टाफ नर्स, मशीने,संसाधनों,दवाइयों की कमी आदि दर्जनों समस्याएं हैं। पिछले 2 साल से हॉस्पिटल में सोनोग्राफी मशीन बंद पड़ी हुई है, गर्भवती महिलाओं को निजी सोनोग्राफी सेंटर में जाकर हजारों रुपए चुकाने पड़ रहे हैं। कारण होस्पिटल प्रबंधन ने पूर्व के रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की 2 साल का मानदेय नहीं दिया है।सोनोग्राफी कक्ष को ताला लगा हुआ है। शाम ढलते ही अस्पताल का माहौल बदल जाता है। गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में हो रहे सीजर और उसको लगने वाली मेडिकल सामग्री को लेकर हर दिन परिजनों से वसूली करने की शिकायतें भी है। बावजूद इसके क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि अधिकारी आंखों पर पट्टी और कानों पर हाथ रखकर सारा तमाशा देखते हुए नजर आ रहे हैं। वही अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर सीधे तौर पर अब आम जनता मरीज के परिजन भी जनप्रतिनिधियों को खुले रूप से कोस रहे है।

### इनका कहना है

दुर्घटना में घायल 13 मरीजों में से एक महिला यात्री की मौत हो गई थी,कुछ लोगों को नागपुर रेफर किया गया है, बाकी लोगों का सौसर अस्पताल में ही इलाज हुआ है। घायलों के अस्पताल पहुंचने के तुरंत बाद ही डॉक्टरों की टीम के द्वारा इलाज शुरू किया गया था।

**डॉ योगेश शुक्ला**, प्रभारी बीएमओ

## छिंदीकामथ में ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**जुन्नारदेव।** सड़क पर उपचार अभाव में अचानक एक ग्रामीण की मौत पर छिंदीकामथ में ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया, जिससे छिंदीकामथ में पूर्व समय से चालू शासकीय अस्पताल को पुनः चालू कराने के लिए ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख कर चक्का जाम किया जिसकी खबर प्रशासन को लगते ही मौके पर पहुंचे, चौकी प्रभारी, थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार, और बीएमओ बड़ी संख्या के प्रशासनिक अमला पहुंचा। छिंदीकामथ पहुंचा लेकिन ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मृतक व्यक्ति के द्वारा पिछले 18 20 घंटे से 108 एम्बुलेंस को फोन लगाया गया फिर भी एंबुलेंस नहीं पहुंची और समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण उस व्यक्ति की सड़क पर मौत हो गई जिससे ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया और भारी संख्या में ग्रामीणों ने दमुआ मुलताई मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिए।मौके पर पहुंचे नायब तहसील दमुआ और बीएमओ जुन्नारदेव ने ग्रामीणों को भरोसा दिलवाया कि जल्द छिंदीकामथ में पीएससी चालू करवायेंगे तब ग्रामीणों ने जाम खोला। साथ ही ग्रामीणों के द्वारा चेतावनी भी दी गई कि जल्द पीएससी नहीं चालू होता हैं तो फिर से ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे।



### चौरई संकट मोचन हनुमान मंदिर में विहिप, बजरंग दल की प्रखंड बैठक संपन्न

## संगठन के विस्तार को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चौरई संकट मोचन हनुमान मंदिर मे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की प्रखंड बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष गुड्डा रघुवंशी, विभाग संयोजक शैलेश यदुवंशी, जिला संयोजक गौरव सेन, जिला मिलन प्रमुख चेतन यादव जी, सुरेश वर्मा, खंड अध्यक्ष पंकज साहू, संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। संगठन विस्तार को आगे बढ़ते हुए विहिप जिलाअध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला संयोजक, विभाग संयोजक की अनुशंसा पर छोटू यादव प्रखंड मंत्री,घोषणा की गई, अंकित पटेरिया प्रखंड संत संपर्क प्रमुख बैठक में उपस्थित प्रखंड के कार्यकर्ता, प्रखंड सह संयोजक मोहित वर्मा, अजय वर्मा,मनीष रघुवंशी जी, प्रखंड धर्म प्रसार प्रचार प्रमुख हरिओम तिवारी,केशव चौरसिया, साहिल चौरसिया, अनंत गुप्ता, हर्षित नामदेव, लालू डेहरिया, विक्रम राय, सैकड़ों कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



## बच्चों की मौत राजनीति का नहीं संवेदना का विषय है: शेषराव यादव

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने किडनी फैलियर के कारण दुनिया छोड़ गए मासूम बच्चों को श्रद्धांजलि देते हुए तथा ईलाजरत बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि हाल ही में किडनी फैलियर के कारण दुनिया को छोड़ गए मासूम बच्चों की कमी तो कोई पूरी नहीं कर सकता लेकिन मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश सरकार अस्पताल में भर्ती इलाजरत बच्चों का प्राथमिकता से इलाज करवा रही है और उनके स्वास्थ्य की पल पल जानकारी भी ले रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव स्वयं इलाजरत बच्चों के जारी इलाज की समीक्षा कर रहे हैं साथ ही उनके इलाज में कोई कमी न रह जाए इसकी भी समीक्षा लगातार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस अचानक आई त्रासदी से पीड़ति बच्चों के ईलाज का संपूर्ण खर्च भी मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार उठा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्पष्ट कर दिए हैं कि वे बच्चों के इलाज में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश सरकार इस त्रासदी में दुनिया छोड़ गए मासूम बच्चों के माता पिता को किसी भी प्रकार से कर्ज में नहीं डूबने देगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश सरकार इस त्रासदी में मृत हुए बच्चों के ईलाज में खर्च हुए पैसे और उसके साथ मुआवजे के 4 लाख रुपए सीधे उनके खाते में भेज रही है।



### तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, ससुर-भांजा घायल

**दमुआ।** दमुआ सारणी मार्ग पर ग्राम बानाबेहरा के पास गुरूवार 09 अक्टूम्बर को बडा हादसा हुआ तेज रफतार इनोवा वाहन ने एक मोटर सायकल को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में ससुर और भांजा गम्भीर रूप से घायल हो गये मिली जानकारी के अनुसार रमेश लोबनसिह 30 वर्ष निवासी मेढका अपने ससुर ओझा और भांजे अभिषेक के साथ रामपुर बाजार जा रहे थे तभी रामपुर की ओर से आ रही इनोवा गाडी क्रमांक 04-7467 ने तेज गती और लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल को टक्कर मार दी जिससे दोनो सडक पर गिर पडे हादसे में ओझा को सिर और छाती और दोनो पैरो में गम्भीर चोंटे आई जबकि अभिषेक भांजे के दोनो पैर जख्मी हो गये मौके पर मौजूद रमेश ने तुरंत 108 ऐम्बुलेंस की मदद से घायलो को दमुआ अस्पताल पहुंचाया गया थाना दमुआ पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 213/25 धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## महापौर ने जन्मदिन में एकत्रित हुई राशि परिजनों को की प्रदान

**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम सिंह अहके ने आज एक संवेदनशील पहल करते हुए नागपुर के एम्स एवं न्यू हेल्थ हॉस्पिटल में भर्ती कफ सीरप से पीड़ित बच्चों और उनके परिवारजनों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों की सेहत और उन्हें दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में परिजनों और चिकित्सकों से विस्तारपूर्वक जानकारी ली। गौरतलब है कि महापौर विक्रम सिंह अहके ने अपने जन्मदिन के अवसर पर उपहार, बुके, फ्लेक्स या किसी भी तरह के उत्सव से दूरी बनाकर एक मानवीय अपील की थी कि जन्मदिन पर होने वाला खर्च इन बीमार बच्चों की सहायता के लिए दान स्वरूप किया जाए। उनकी इस अपील पर नगर वासियों और शुभचिंतकों ने दिल से साथ दिया, जिसके परिणामस्वरूप एक सहयोग राशि एकत्रित की गई जिसे आज उन्होंने नागपुर जाकर पीड़ित परिवारों को स्वयं सौंपा। महापौर ने कहा कि "सच्चा उत्सव वही है जो किसी के चेहरे पर मुस्कान लाए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रमेश कुमार मेहरा ,डॉ. बारंगे सिद्धांत थनेसर, धीरज राउत, शुभम मालवी एवं सौरभ वर्मा भी उपस्थित रहे।



## मिडास हॉस्पिटल नागपुर को अमेरिका के डॉ. कुलविंदर दुआ ने दी वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




नागपुर के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा संस्थानों में से एक मिडास हॉस्पिटल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उसे वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यूईओ) ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मान्यता मिली है। यह मान्यता अमेरिका के प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ और डब्ल्यूईओ आउटरीच कमेटी के चेयरमैन डॉ. कुलविंदर दुआ द्वारा दी जाएगी।

इस अवसर पर मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर में एक छोटा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें रिबन काटने के साथ प्रमाणपत्र और प्लेक का अनावरण किया गया। वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर की यह प्रतिष्ठित मान्यता डॉ. कुलविंदर दुआ ने मिडास हॉस्पिटल के डायरेक्टर, डॉ. श्रीकांत मुकेवार और डॉ. सौरभ मुकेवार को प्रदान की। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त डॉ. कुलविंदर दुआ, अमेरिका के विस्कॉन्सिन मेडिकल कॉलेज के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी प्रोफेसर और प्रसिद्ध एंडोस्कोपी विशेषज्ञ, एंडोस्कोपी से जुड़ी नवीनतम तकनीक और महत्वपूर्ण जानकारी साझा करेंगे।वर्धा रोड, नागपुर स्थित मिडास हॉस्पिटल अब अंतरराष्ट्रीय डॉक्टरों को एंडोस्कोपी में प्रशिक्षण देगा, जिसमें लिवर पर होने वाली अत्याधुनिक एंडोस्कोपी प्रक्रियाओं का लाइव डेमो भी शामिल होगा। पिछले एक साल में इटली, फ्रांस, रवांडा, साउथ अफ्रीका, यूएई, ओमान और फिलीपींस सहित कई देशों के डॉक्टर मिडास हॉस्पिटल आकर अतिरिक्त प्रशिक्षण ले चुके हैं। मिडास हॉस्पिटल, वर्धा रोड, नागपुर को वर्ल्ड एंडोस्कोपी ऑर्गनाइजेशन ट्रेनिंग सेंटर के रूप में मिली यह मान्यता नागपुर और मध्य भारत में विश्वस्तरीय गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी और एंडोस्कोपी सेवाएं देने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस सहयोग का उद्देश्य भारत के डॉक्टरों के कौशल को बढ़ाना और एंडोस्कोपी में अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम पद्धतियों को लागू करना है।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी संचालन के सौ वर्ष पूर्ण होने पर पथ संचालन का आयोजन

**दमुआ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी संचालन के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विजयदशमी पर दमुआ खण्ड के समस्त 18 मण्डलो के राष्ट्रीय स्वयं सेवकों के द्वारा 13 अक्टूम्बर दिन सोमवार को दमुआ नगर में पथ संचलन का आयोजन किया गया है। समस्त खण्ड के स्वयं सेवकों से निवेदन है कि शताब्दी पथ संचलन में अपनी भूमि सुनिश्चित करें एवं कार्यक्रम से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए खण्ड कार्यवाह भूरा राठौर मो.नं. 7804960890 सम्पर्क करें। गणवेश उपलब्ध है गणवेश पाने के लिए तुलाराम बडघरे से सम्पर्क करें।

## आबकारी की दबिश, 3500 कि.ग्रा. महुआ लाहन एवं 20 लीटर कच्ची शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पांढुर्णा जिले के नवागत कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में पांढुर्णा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिये ग्राम कारपाठा, लहराधना, मरकाबाड़ा एवं जूनेवानी हेटी के नदी - नालों में बन रहे अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई, जहां से 3500 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 20 लीटर हाथ भट्टी महुआ निर्मित कच्ची शराब को बरामद कर जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1)च के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक श्री नरेंद्र कुमार नागेश तथा आबकारी आरक्षक श्री मुकेश राहंगडाले एवं सुश्री श्रद्धा राहंगडाले उपस्थित थे।

## मेडिकल स्टोर की हड़ताल हुई समाप्त

### कलेक्टर वशिष्ठ ने किया विभिन्न कार्यालयों, विद्यालयों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नवागत पांढुर्णा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ ने गत दिवस अपने प्रथम पांढुर्णा भ्रमण के दौरान विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनसेवा के प्रति जिम्मेदारी और समयपालन की भावना से कार्य करने के निर्देश दिए।

सर्वप्रथम नवागत पांढुर्णा कलेक्टर श्री वशिष्ठ प्रातः 9:40 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुँचे, जहाँ उन्होंने कार्यालय की प्रत्येक शाखा का निरीक्षण किया। इसके बाद तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेख संधारण, नागरिक सेवाओं के कार्य तथा कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली और सभी कर्मचारियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

इसके बाद नवागत पांढुर्णा कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने लोक सेवा केंद्र पांढुर्णा एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों की स्वच्छता, अभिलेख रख-रखाव एवं नागरिक सुविधा व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद नवागत पांढुर्णा कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा की जा रही हड़ताल को समाप्त कराने के लिये पांढुर्णा क्षेत्र के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने संचालकों की समस्याएँ सुनीं तथा उनके उचित निराकरण का आश्वासन दिया। नवागत पांढुर्णा कलेक्टर श्री वशिष्ठ के सकारात्मक हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप पांढुर्णा की सभी मेडिकल स्टोर पुनः संचालित होने लगी है। नवागत पांढुर्णा कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि, ₹अतिआवश्यक सेवाओं के अंतर्गत आने वाले मेडिकल स्टोर सदैव खुले रहना चाहिए ताकि आमजन को दवाइयों की उपलब्धता में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### सांसद ने कहा दिवाली से पहले किसानों को मिला 42,000 करोड़ का तोहफा

## किसानों के विकास में मील का पत्थर साबित होगी केंद्र की योजनाएं : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



भारतीय कृषि और किसानों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम धन्य धान कृषि परियोजना और दलहन आत्मनिर्भर मिशन का शुभारंभ किया। यह मिशन देश में कृषि और किसानों के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री ने इस मिशन के जरिए किसान बंधुओं को कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने चन्दनगांव स्थित कृषि विकास केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही।

चन्दनगांव स्थित कृषि विकास केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान वर्चुअली जुड़े। सांसद बंटी विवेक साहू ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने दिवाली से पहले किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 11 अक्टूबर को नई दिल्ली में एक विशेष कृषि कार्यक्रम में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं और योजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास किया। सांसद श्री साहू ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' और 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' का अनावरण किया, जिनका परिव्यय 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में 5,450 करोड़ से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और लगभग 815 करोड़ मूल्य की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

### कार्यक्रम में यह रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ के जलि अध्यक्ष मेर सिंह चौधरी, जिला भाजपा महामंत्री कमलेश ऊईके, भाजपा मंडल अध्यक्ष रमाकांत रघुवंशी, भाजपा किसान मोर्चे के प्रदेश मंत्री संजय सक्सेना, जिला अध्यक्ष संजय पटेल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जगेंद्र अल्डक, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक संतोष पटेल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, पूर्व जिला महामंत्री राजू नरोटे, भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, शैलेन्द्र चौधरी, किसान मोर्चे के जिला महामंत्री अलकेश साव, प्रदीप चौधरी, जितेंद्र शाह, शरद बेंडे, पप्पू मालवीय, विश्वेन्द्र बैस सहित कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, खाद्य प्रसंस्करण विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित थे।

## सावंरी मंडल 02 के ग्राम रजाड़ा में आयोजित 25वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए सांसद

# मैं छिन्दवाड़ा का प्रधान सेवक बनकर कार्य कर रहा हूं : सांसद






हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

100 दिवसीय सेवा संकल्प एवं स्वास्थ्य की श्रृंखला में 25 वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सावंरी मंडल 02 के ग्राम रजाड़ा में किया गया। जिसमें कुल 538 मरीजों का उपचार कर दवाई वितरित की गयी। जिसमें 278 पुरुषों एवं 260 महिलाओं और बालिकाओं ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन सांसद बंटी विवेक साहू ने किया।

शिविर के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री साहू ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि मैं एक प्रधानसेवक के रूप में कार्य कर रहा हूं। इसी तरह मै भी छिन्दवाड़ा का प्रधानसेवक बनकर कार्य कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। छिन्दवाड़ा और पाढुर्णा जिले में आयोजित हो रहे शिविरों में हर मरीज का उपचार किया जा रहा है, जो मरीज गंभीर मिल रहे है उन्हें जिला चिकित्सालय या नागपुर सहित अन्य मेडिकल कॉलेजों में भेजकर उचित उपचार कराया जा रहा है। आप लोगों ने अपने बेटे को एक मौका दिया है अब मेरा फर्ज है कि मैं आप लोगों के लिए एक प्रधान सेवक बनकर कार्य करूं। यह शिविर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ हुए है जो पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक निरंतर जारी रहेंगे।

सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि "स्वस्थ नागरिक, सशक्त देश" का आह्वान कर संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर नागरिक के स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से मेरे संसदीय क्षेत्र छिंदवाड़ा पांढुरना में "100 दिन 100 स्वास्थ्य शिविर" का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम रजाडा में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सांसद श्री साहू ने शिविर में मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर उन्हें शिविर संबंधी जानकारी दी। वहीं चिकित्सकों और सहयोगियों से मरीजों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने निर्देशित किया। शिविर के दौरान बीएमओ डॉ. संजय राय ने भी ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी और शिविर के संबंध में जानकारी दी।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान मोहखेड़ जनपद अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सदन साहू, जलिा कोषाध्यक्ष ऋषि सोनी, सरपंच श्रीमती प्रमिला भगवान दास घाघरे, पूर्व जिला महामंत्री राजू नरोटे, भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिज़वान कुरैशी, विशवेन्द्र बैस, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद बबलू सूर्यवंशी, ओंकार सोलंकी, मंडल महामंत्री भगवान दास घाघरे, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष विनोद वस्त्राणें, सरपंच रामदास डिगरसे, विजय पवार, बूथ अध्यक्ष नारायण चौधरी, फकीरा चौधरी, सेवाराम चौधरी, हरीश चंद घाघरे, कमलेश देशमुख, हरीश पवार, केशवराव देशमुख, सुंदर पवार, मनोज भादे, जुगल महाजन, मनी पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, डॉक्टर्स एवं सहयोगी स्टाफ उपस्थित थे।

## श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे पार्षद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल सरदार सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री वरिष्ठ नेता जालम सिंह पटेल की पूज्य माताजी श्रीमती यशोदा जी पटेल के देवलोक गमन उपरांत मंत्री प्रहलाद पटेल के गृह निवास गोटेगांव में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि अर्पित करने नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के पार्षद संजय जैन ने शोक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की की मृत आत्मा को शांति प्रदान करें। एवं उनके परिवार को इस गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखने के लिए हर व्यक्ति करें व्यायामः न्यायाधीश




छिंदवाड़ा। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 10 अक्टूबर वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे पर शासकीय जवाहर कन्या हाई स्कूल मे नालसा योजना 2024 अंतर्गत संचालित मानसिक स्वास्थ्य केयर एक्ट 2017 के तहत जागरूकता कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश सुशांत हुद्दार के निर्देशन मे किया गया। इस अवसर पर जिला न्यायधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने कहा की हर व्यक्ति को अपने बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन व्यायाम, योगा, खेल कूद जैसी गतिविधियों को अपने जीवन मे उतारना होगा वही वर्तमान मे शासन मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही हे,पर हम सभी की जवाबदेही हे की हम उनके स्वास्थ्य का विशेष ध्यान मे रखते हुए उन्हें उनकी बोद्धिक क्षमता के आधार पर उनकी विभिन्न शैली का प्रयोग कर बेहतर शिक्षा के साथ उनके कौशल को विकसित कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ना हे। विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने संस्था के सदस्यों एवं परिजनो से कहा की संस्था अपने स्तर पर बच्चों के बोद्धिक विकास के लिए विभिन्न गति विधियों एवं दिव्यांगजन को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं के बारे में अवगत कराया वही बच्चों के मानसिक स्वास्थ के विषय मे जानकारी देते हुए हम सभी को संवेदनशील होना होगा। संस्था के प्राचार्य दिनेश भट्ट ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम की व्याख्या करते हुए शाला मे मेंटल हेल्थ के लिए किये जा रही आवश्यक गतिविधियों के बारे मे बताया आयोजन को सफल बनाने मे शिक्षक मदनपाल उईके, अनीता चतुर्वेदी आदि स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## छात्र छात्राओं ने जमुनिया शासकीय संजय निकुंज उद्यानिकी नर्सरी जमुनिया मे पौधारोपण का अवलोकन

छिंदवाड़ा-प्राथमिक शाला केन्द्रीय विद्यालय छिंदवाड़ा-के छात्र छात्राओ ने जमुनिया शासकीय संजय निकुंज उद्यानिकी नर्सरी जमुनिया मे पौधारोपण का अवलोकन किया इस अवसर पर उद्यान अधीक्षक श्री चौकसे ने छात्र छात्राओ को उद्यानिकी नर्सरी का भ्रमण कराकर उद्यान की फसलो जानकारी छात्र छात्राओ को दी तथा इससे किसान की उन्नत हाइब्रिड तकनीक अपनाकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकता है और हम बगीचे मे विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे ऊगा कर लाभ के साथ पर्यावरण संरक्षण मे योगदान शुध्द जलवायु का निर्माण कर सकते है। उद्यान के माली फागलाल कहार ने बच्चो को पौधारोपण मे बडिंग कटिंग की जानकारी दी। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षिक



सतीश कुमार नाग, यश प्रताप सिंह, तोमर नेहा पटवा, मृणाली लोखंडे, अमृता तोमर, पंकज शाक्य, सुमन जंघेला, अंकित निर्मल, मनप्रीत प्रज्ञा शर्मा, दीनानाथ पवार, सनम उजमा, प्रांजुल उसरेठे, एस के साहू उद्यान अधीक्षक श्री चौकसे, अनुभूति मास्टर ट्रेनर मोहन साहू, नीरज ऊईके उपस्थित थे।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने 6 मरीजों को दिलाई 3 लाख 45 हजार की आर्थिक मदद

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू ने हार्ट, कैंसर, पीलिया सहित अन्य बिमारियों से पीड़ति 6 जरूरतमंद मरीजों को 3 लाख 45 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद श्री साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता दी है। यह आर्थिक सहायता राशि मिलने पर 6 जरूरतमंद मरीजों का नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान मद से रोहनाकलां निवासी समीद पिता नूर खां को 60 हजार दिए है इनका इलाज नागपुर के अस्पताल में होगा। दमुआ निवासी अब्दुल मुकीद पिता कय्यूम को 65 हजार, छिन्दवाड़ा निवासी राजवंती पिता सनी लाल को 65 हजार, चौरई के ग्राम मोहगांव खुर्द निवासी अनिल उईके को 45 हजार, अम्बाड़ा के मोहन कॉलरी निवासी नकुल पिता सेहंगलाल आरसे को 65 हजार एवं घोड़ावारी खुर्द निवासी सौरभ पिता सोहन डेहरिया को 45 हजार दिए है।

## निर्विरोध बनी रेडक्रास सोसायटी की कार्यकारिणी वार्षिक आम सभा की बैठक एवं चुनाव संपन्न

छिंदवाडा। भारतीय रेडक्रास सोसायटी की कार्यकारिणी निर्विरोध रूप से बना ली गई। सभी १५ सदस्यों का चयन आपसी सहमति से कर लिया गया। रेडक्रास सोसायटी के सचिव ने बताया कि 8 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12 बजे भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा छिंदवाडा की वार्षिक आम सभा की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष छिंदवाड़ा में संयुक्त कलेक्टर श्रीमति ज्योति ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रभारी सचिव, भारतीय रेडकास सोसायटी, छिंदवाड़ा निरपत सिंह टेखरे द्वारा बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, सदस्यों व अधिकारियों का स्वागत किया गया तथा वर्ष 2024-25 में भारतीय रेडक्रास सोसायटी छिंदवाड़ा द्वारा संचालित योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से सदस्यों को अवगत कराया। सचिव द्वारा वर्ष 2024-25 की आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसका सर्वसम्मति से बैठक में अनुमोदन दिया गया। इसी तरह वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया गया। इसका भी बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। संपरीक्षक की नियुक्ति का भी बैठक में अनुमोदन दिया गया। बैठक में चुनाव अधिकारी द्वारा कार्यकारिणी समिति हेतु 15 सदस्यों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। इस तरह कुल 15 नाम कार्यकारिणी हेतु निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। गोखे समापति, टेखरे बने सचिव नई कार्यकारिणी में सभापति के पद पर भानुदास गोखे, उपसभापति डॉ. हितेश मिश्रा, सचिव निरपत सिंह टेखरे, कोषाध्यक्ष अंशुल शुक्ला, सह सचिव सत्येंद्र ठाकुर होंगे। कार्यकारिणी सदस्यों में तरुण मलहोत्रा, संदीप कुमार जैन, अनिल कुमार साहू, अभिलाषा भांगरे, श्रीमति भारती साहू, शिरीष साहू, प्रतीक शुक्ला, मुकुल सोनी, चंद्रकांत विश्वकर्मा और श्रीमति स्वाति साहू शामिल हैं।




## नप लांजी में सिस्टम लाचारः कर्मचारियों पर दबाव बनाकर लिया जा रहा काम

# ड्यूटी टाईम पर पार्षदों के घर चमका रहे सफाईकर्मी!

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर परिषद लांजी के सफाई कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी को लेकर कितने गंभीर हैं, इसका खुलासा हाल ही में नगर की गलियों और चौक चौराहों में पसरी गंदगी को देखकर लगाया जा सकता है। परंतु नगर परिषद लांजी में यह स्थिति सिर्फ सफाई कर्मचारियों की कार्य के प्रति लापरवाही को लेकर नहीं बनी है। बल्कि नगर के एक तिहाई पार्षदों के कारण भी बन रही है जो रोजाना सुबह नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को अपने घरों की सफाई में लगा लेते है। जानकारी के अनुसार, नगर के 15 वार्डो की सफाई की जिम्मेदारी संभालने वाले सफाई कर्मचारी ड्यूटी के दौरान पार्षदों के घरों के कार्य करने चले जाते हैं। जिससे नगर की सुबह के वक्त होने वाली सफाई पूरी तरह नहीं हो पाती और जगह-जगह गंदगी और कचरे के ढेर लगे रहते है। इस संबंध में जब पड़ताल की गई तो चौंकाने वाली बात सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, नगर परिषद के लगभग 80 सफाई कर्मचारियों में से आधे से ज्यादा कर्मचारी पार्षदों के घरों में काम करने चले जाते हैं। इससे नगर की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।

**स्वच्छता पखवाड़े को मुंह चिढ़ा रहा जनप्रतिनिधियों का आचरणः** एक तरफ देश के प्रधानमंत्री पूरे देशवासियों से स्वच्छता और सफाई की अपील करते हुए नजर आ रहे है तो दूसरी ओर लांजी जैसे छोटे से नगर में व्यवस्थाओं में को सुधारने के लिये चुनकर आए जनप्रतिनिधी सरकारी सेवाओं का अपने स्वार्थ के लिये भरपूर इस्तेमाल करते नजर आ रहे है। वहीं वार्डवासी अपने आसपास सफाई न होने के कारण सफाई कर्मियों को ही कोसते है। जबकि नगर में पूरी तरह सफाई न होने का मुख्य कारण कुछ और ही है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार नगर परिषद लांजी में स्वच्छता प्रभारियों द्वारा कर्मचारियों की वार्ड में ड्यूटी लगाने की बजाय वार्ड पार्षदों के यहां पहले जाने के लिये उन्हें कहा जाता है जिससे न चाहते हुए भी कर्मचारी वार्ड की सफाई छोड़कर जनप्रतिनिधियों के यहां चौका चूल्हा साफ करने जाते है।

**एक माह से सिविल अस्पताल नहीं पहुंचा कचरा वाहनः** नगर की सफाई व्यवस्था तो चरमराई हुई है ही इसके साथ ही नगर परिषद के सामने ही स्थित सिविल अस्पताल जिसके सामने से ही रोजाना कचरा वाहन गुजरता है परंतु यहां भी एक माह से जनरल वेस्ट का उठाव करने के लिये कचरा वाहन नहीं पहुंच पाया है जिससे सिविल अस्पताल में वेस्ट मार्ग पर ही पड़ा है जिसके पास से यहां आने वाले मरीज और उनके परिजनों को मुंह कपड़ा बांधकर या हाथ रखकर गुजरने की नौबत आ चुका है। तथा देखरेख के अभाव में आवारा मवेशी उस पर मुंह मार रहे है जिन्हें भी संक्रामक रोग लगने का खतरा बना हुआ है। बीएमओ ने इस संबंध में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि नगर परिषद लांजी को इस संबंध में पत्राचार किया जा चुका है। परंतु नगर परिषद द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।



**सरकारी नियमों का उल्लंघन और कर्मचारियो के अधिकारः** मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत, सरकारी सेवकों को अपने पद का दुरुपयोग करने और अवैध कार्यों में शामिल होने से मना किया गया है। नियम 3 के अनुसार, शासकीय सेवक को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे उनकी अनुशासनहीनता प्रकट हो। यदि कोई कर्मचारी पार्षदों के दबाव में आकर उनके घर का काम करता है, तो वह इसकी शिकायत नगर परिषद के उच्च अधिकारियों से कर सकता है। इसके अलावा, कर्मचारी मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग या केंद्रीय सतर्कता आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं। हालांकि, कर्मचारी अक्सर अपने अधिकारों का उपयोग नहीं कर पाते हैं। इस मामले में नगर परिषद लांजी के पार्षदों पर आरोप है कि वे अपने पद का दुरुपयोग करके सफाई कर्मचारियों से घरेलू कार्य करवा रहे हैं।

### इनका कहना है

कर्मचारियों को नगर परिषद से वार्डो की नियमित सफाई के लिये रवाना किया जाता है। व्यक्तिगत तौर पर किसी भी पार्षद या जनप्रतिनिधियों के यहां जाने के लिये नहीं कहा जाता। मेरे द्वारा सभी कर्मचारियों को उपस्थित कराकर जानकारी ली जाएगी और ऐसी कोई बात है तो उन्हें वार्ड की सफाई करने की हिदायत दी जाएगी न की जनप्रतिनिधियों के घरों और दुकानों की।

**संतोष भार्गव, स्वच्छता प्रभारी**
**नगर परिषद लांजी**

कर्मचारियों को वार्डो की सफाई के लिए तैनात किया जाता है न कि पार्षदों के घर की। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी पार्षदों के दबाव में काम करते हैं, वे शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा, जो पार्षद कर्मचारियों पर दबाव बनाकर काम करने पर मजबूर करते हैं, उनकी भी शिकायत की जा सकती है। सिविल अस्पताल में जनरल वेस्ट के लिये वाहन आज ही भिजवा दिया जाएगा। नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी सिर्फ नगर परिषद की ही नहीं है आम जनता को भी परिषद का सहयोग करते हुए अपने आसपास स्वच्छता रखना आवश्यक है।

**मयूर वाहने, सीएमओ**
**नगर परिषद लांजी**

## हर वोट कीमती, हर निकाय महत्वपूर्ण, मतदाता जागरूकता अभियान



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में मध्यप्रदेश शासन राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र एवं निर्देशानुसार ''हर वोट कीमती, हर निकाय महत्वपूर्ण'' मतदाता जागरूकता अभियान अंर्तगत जनपद पंचायत वारासिवनी तथा नगर पालिका वारासिवनी के सहयोग से महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉं एस एस गेड़ाम के मार्गदर्शन तथा कृष्णा पराते के नेतृत्व में लगभग 80 स्वयं सेवकों की उपस्थिति में महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मो0 इरफान अहमद खान खण्ड पंचायत अधिकारी वारासिवनी, विशिष्ट वक्ता निर्दोष टेम्भरे निर्वाचन प्रभारी नगरपालिका वारासिवनी, अजय उके निर्वाचन सहायक नगरपालिका वारासिवनी, डॉं रक्षा निकासे, विकास साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा पराते द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

मुख्य वक्ताओं द्वारा बताया गया कि यह अभियान 08 अक्टूबंर से 17 अक्टूबंर 2025 तक चलाया जा रहा हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया 08 अक्टूबंर से प्रथम सूची का प्रकाशन हुआ है और अंतिम सूची का प्रकाशन 13 नवंबर 2025 तक किया जायेगा। अजय उके द्वारा बताया गया कि समस्त मतदाता नगरपालिका स्तर पर सक्षम अधिकारी तथा ग्रामीण स्तर पर सचिव से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जोड़, हटा तथा संशोधन कर सकते है। किसी की मत्यु हो जाने एवं विवाह होकर आये या चले गये तथा शहर में पलायन हो जाने पर आप पुनः मतदाता सूची में परिवर्तन कर सकते है। परिवर्तन करने हेतु अंतिम तिथि 17 अक्टूबर 2025 दोपहर 3 बजे निर्धारित है।

महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं आवश्यक सुधार हेतु बताया कि आप अपने परिवार, समाज तथा ग्रामीण एवं नगरीय स्तर पर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करे, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के पश्चात फोटो युक्त प्रारूप में सार्वजनिक रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन 13 नवंबर 2025 तक किया जा सके। कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा पराते द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## विकासखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं कलेक्टर सह मिशन संचालक बालाघाट के निर्देशानुसार आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र किरनापुर द्वारा 10 अक्टूबर 2025 को दिव्यांग बच्चों के चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें विकासखंड की शालाओं में अध्यनरत कक्षा पहली से आठवीं तक दिव्यांग 252 बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें जबलपुर एल्मिको टीम के विशेषज्ञ दल द्वारा 119 बच्चों को उपकरण हेतु चिन्हांकित किया गया। 1- कोल किट 02,2- रोलेटर24नग,3- व्हील चेयर-32,4- एल.बो. क्रचल02, 5- झईसिकल10 T-LMPकट 72 ,16 ,7- श्रवण यंत्र158 नग।इस प्रकार आगामी उपकरण शिविर में 119 बच्चों को कुछ 158 उपकरण प्रदाय किया जावेगा जनपद शिक्षा विभाग से बीआर.सी. श्री सी. एल. टेकाम द्वारा बताया गय कि इस शिविर को सफल बनाने में समस्त बीआरसी. एवं बी.इ.ओ. कर्मचारी तथा समस्त गुरुजनों का विशेष योगदान रहा।

## बच्चों को पौष्टिक आहार मिले, इसीलिए सरकार ने 9 हजार करोड़ का अनुदान दिया-अमूले

**वारासिवनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना वारासिवनी के रामपायली परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंगोड़ी में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती पुष्पा अमूले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत वारासिवनी के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच श्रीमती एम्कला देवनाथ बोपचे, किशोर अमूले जिला उपाध्यक्ष भाजपा बालाघाट, देवनाथ बोपचे पूर्व सरपंच की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को संबोधित करते हुए श्रीमती पुष्पा अमूले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत वारासिवनी ने कहा कि पोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए सितंबर से अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। पोषण माह के दौरान लोगों को पौष्टिक आहार लेने एवं स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया जाता हैं। जब तक थाली में होगा, संपूर्ण आहार तभी होगा सशक्त भारत का सपना साकार।

## स्टेडियम में शहनाज अख्तर को सुनने उमडी भीड

# देवी भजनों पर झूमे दर्शक व श्रोता : शहनाज ने प्रस्तुत किए एक से बढ़कर एक भजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर में पिछले 3 दिनों से रंगारंग व धार्मिक कार्यक्रमों की बाढ़ आई हुई है। खाटू श्याम की दीवानी अधिष्ठा व अनुष्का बहनों ने अपने भजनों से भक्तों को निहाल कर दिया था। वहीं फिल्मी हीरो चंकी पांडे ने अपनी अदाओं से दर्शकों को दीवाना बनाया था और उसके बाद प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपने भजनों से धमाल मचा दिया।

सम्राट दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में रानी अवंतीबाई स्टेडियम सिविल क्लब ग्राउंड में प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर की भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या को सुनने व शहनाज अख्तर को देखने के लिए स्टेडियम में दर्शकों व श्रोता की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के दौरान शहनाज अख्तर ने एक से बढक़र एक गीत की प्रस्तुति दी। भजनों पर स्थानीय लोग झूम उठे, भजन गायिका शहनाज अख्तर के मंच पर पहुंचने के साथ सर्वप्रथम जय श्री राम के नारों का उद्घोष कर लोगों ने उनका स्वागत किया। लोगों को साधुवाद देते हुए शहनाज अख्तर ने भी जय श्री राम और जय भवानी के जयकारों से श्रोताओं का उत्साह बढ़ाया।



कार्यक्रम की शुरुआत में शहनाज अख्तर द्वारा मधुर भजन की प्रस्तुति दी गई। शहनाज अख्तर ने कहा कि वारासिवनी क्षेत्र काफी धार्मिक है, पहली बार हजारों की संख्या में राम भक्तों को एक साथ देखकर काफी अच्छा लगा। गायिका ने अपने सबसे सुपरहिट भजन जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे, ये भगवा रंग जैसे कई प्रसिद्ध भजन गाये।

विदित है कि सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर मध्यप्रदेश के सिवनी जिला अंतर्गत बरघाट की रहने वाली है, मुस्लिम परिवार में जन्म लेने के बावजूद शहनाज महज 10 वर्ष की उम्र से नवरात्रों में देवी माता के गीत गा रही हैं। वर्ष 2005 में उनका पहला भजन छुम छुम छननन बाजे मैया पांव पैजनियां सुपरहिट हुआ। यह गाना बच्चे-बच्चे के जुबां पर आ गया। उनके द्वारा सैकड़ो भजन गीत के एल्बम बनाए जा चुके हैं। मुस्लिम परिवार में जन्म लेने के बाद भी हिंदू देवी. देवताओं की गीत गाने के लिए उनके विरुद्ध फतवा भी जारी किया जा चुका है। बावजूद उन्होंने भजन गाना नहीं छोड़ा। उनका मानना है कि आज उनकी जो पहचान देश भर में हैं, वह देवी भजनों के कारण ही है।

अपने कार्यक्रम के दौरान शहनाज अख्तर ने अपने प्रसिद्ध भजनों 9 दिन बनी मां दुल्हनिया रे, भगवा रंग, उज्जैन की नगरी में महाकाल मुझे ले चल, झूम झूम छन छन बाजे पैजानिया, तू जग जननी तू जग करणी, रंग दे मां की चुनरिया, मैं तो जाऊँ बलिहारी ओ शेरो वाली और ये चमक ये दमक तेरे दरबार की, आल्हा की ध्वजा नहीं आई वो मां, महाकाल की महाकाली और बाजे डंका काली का जैसे देवी भजनों के साथ-साथ भगवा लहराएंगे और हिंदू जागो तो जैसे कुछ धार्मिक और राष्ट्रवादी गीत भी गाए हैं।

**खबर संक्षेप**

## आज बड़े मिशन स्कूल ग्राउंड में होगा दंगल का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मुख्यालय स्थित बड़े मिशन स्कूल ग्राउंड में सर्व आदिवासी दंगल समिति के द्वारा दिनांक 12/10/2025 दिन रविवार को विशाल ईनामी दंगल का आयोजन समिति के द्वारा रखा गया है वही समिति के आयोजनकर्ताओं के द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि आदिवासी समाज के क्रांतिकारी शहीदों के विचारों और उनके सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है वही इस कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष चन्दन मर्सकोले व उपाध्यक्ष अशोक नवरेती के द्वारा बताया गया कि आदिवासी समाज द्वारा शहरी क्षेत्र में दंगल प्रतियोगिता कराने जा रहा है जहाँ युवाओं व पहलवानो को अपनी प्रतिभा व कला प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

## सिंचाई राजस्व की बकाया राशि चुकाने पर मिलेगा अनापत्ति प्रमाण पत्र

**सिवनी,** /तिलवारा बॉयी तट नहर संभाग के कार्यपालन यंत्री पी.एन. नाग ने बताया कि संजय सरोवर के कमाण्ड क्षेत्र में जिन कृषकों को सिंचाई के लिए जल उपलब्धता में कठिनाई हो रही है, उन्हें विद्युत मोटर पंप लगाने हेतु विद्युत कनेक्शन लेने से पहले सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना आवश्यक होगा।
अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कृषकों द्वारा सिंचाई राजस्व की बकाया राशि का पूर्ण भुगतान कर दिया गया हो। इसी शर्त पर रबी सिंचाई के लिए अस्थाई पंप लगाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
मध्य-प्रदेश शासन के आदेशानुसार, सिंचाई राजस्व की बकाया संपूर्ण राशि 31 मार्च 2025 तक एकमुश्त चुकाने पर ब्याज (शास्ति) की राशि माफ की जाएगी। कृषकों को आवेदन करते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्होंने पूरी राशि चुका दी है।

## सडक़ हादसे में एक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बम्हनी में 10 अक्टूबर की रात एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने पल्सर बाइक (क्रमांक एमपी 22 जेटए 6633) को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार संदीप श्रीवास पिता सरवन नाई, निवासी छिपापार थाना कुरई, उम्र लगभग 32 वर्ष, सुकतरा से गोपालगंज की ओर जा रहे थे। दुर्घटना में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। पीछे से आ रहे राजस्व विभाग के पटवारी सुदेश ठाकुर राह चालकों एवं पुलिस ने तत्काल मदद करते हुए उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

# 18 चक्के ट्रक से 31 घनमीटर सागौन की अवैध लकड़ी जप्त



### चालक ने बताया यूपी से कर्नाटक जा रही थी लकड़ी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दक्षिण सामान्य वन मंडल परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाला मेटेवानी चेक पोस्ट (विकासखंड कुरई) जो महाराष्ट्र की सीमा से सटा हुआ है और राष्ट्रीय राजमार्ग कश्मीर से कन्याकुमारी मार्ग पर स्थित है, एक बार फिर सुर्खियों में है। यहां से प्रतिदिन भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं, जिनमें आम नागरिकों के साथ-साथ संदिग्ध प्रवृत्ति के लोग भी शामिल रहते हैं। 10 अक्टूबर की दोपहर, वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा ट्रकों की नियमित जांच के दौरान एक अज्ञात 18 चक्के वाले ट्रक क्रमांक पीडीटी 9803 को रोककर तलाशी ली गई। जांच में पाया गया कि ट्रक में बड़ी मात्रा में कीमती सागौन लकड़ी भरी हुई थी। सामान्य वन परिक्षेत्र की डिप्टी रेंजर लक्ष्मी धुर्वे ने बताया कि जब विभागीय दल वाहनों की जांच कर रहा था, तभी इस ट्रक में रखी लकड़ी पर शक हुआ। जांच के दौरान पाया गया कि लकड़ी पर किसी भी प्रकार का हैमर मार्क (वैध निशान) नहीं था, साथ ही लकड़ी को आरा मशीन से काटा गया पाया गया। पूछताछ में चालक ने बताया कि यह लकड़ी कर्नाटक से उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही थी। विभागीय जांच में सागौन लकड़ी बरामद हुई है, जिसका बाजार मूल्य लाखों रुपये में आंका जा रहा है। वन विभाग ने लकड़ी और ट्रक को जब्त कर लिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है, और लकड़ी के वास्तविक मूल्य तथा स्रोत की जानकारी शीघ्र उजागर होने की संभावना है।

## आरएसएस का चावड़ी में पथ संचालन किया गया



गोपालगंज खंड के अंतर्गत ग्राम चावड़ी में पद संचालन किया गया जिसमे आर एस एस के सभी पदाधिकारियों एवं संघ के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया संघ की एक विशेषता है कि यह समय के बड़े पाबंद रहते हैं ठीक वैसा ही आज ग्राम में देखने को मिला निर्धारित समय पर यह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ मुख्य वक्ता के उद्बोधन के उपरांत ग्राम में पथ संचलन किया गया।

# जिले में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ

### सांसद ने प्राकृतिक खेती और नरवाई प्रबंधन पर जोर देते हुए दलहन एवं तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों के चयन के लिए कृषकों को मार्गदर्शन दिया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में आज कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के सभागार में एवं जनपद पंचायत लखनादौन के सभा कक्ष में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना तथा दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते उपस्थित रहे। सांसद के साथ अन्य जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामयी बनाया। दोनों स्थलों पर प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का सीधा प्रसारण भी किया गया।
सांसद श्री कुलस्ते ने कृषकों को संबोधित करते हुए प्राकृतिक खेती और नरवाई प्रबंधन की महत्वता पर जोर दिया। उन्होंने कृषकों को दलहन और तिलहन फसलों का क्षेत्र विस्तार कर उच्च उत्पादकता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और उन्नत किस्मों के चयन हेतु मार्गदर्शन दिया।
कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को रबी फसलों की उन्नत कृषि कार्यमाला के तहत गेहूं, चना, मटर, सरसों आदि की उन्नत किस्मों की जानकारी दी गई। साथ ही वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. के. के. देशमुख ने मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में अवगत कराते हुए कृषकों को मिट्टी परीक्षण करवाने के लिए प्रेरित किया।
कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री कुलस्ते और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा नरवाई प्रबंधन हेतु जागरूकता अभियान का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक कृषि श्री सुधीर कुमार धुर्वे, सहायक संचालक कृषि प्रफुल्ल घोड़ेसवार, तहसीलदार लखनादौन श्री दिग्विजय परस्ते, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लखनादौन और विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने जिले के कृषकों को उन्नत कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन और प्राकृतिक खेती की दिशा में जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया।

# बंडोल पुलिस ने किया जेवर चोरी करने वाली महिला गिरोह का पर्दाफाश

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**



अधीक्षक सिवनी सुनिल कुमार मैहता द्वारा अवैध गतिविधियो के नियत्रंण व कार्यवाही हेतु सभी थाना प्रभारियो को निर्देशित किया है, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा, एसडीओपी सिवनी श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल के द्वारा लगातार थाना क्षेत्र मे सक्रियता के साथ कार्यवाही की जा रही है।
दिनांक 09/10/25 को प्रार्थी योगेन्द्र पिता विस्वेश्वर बघेल उम्र 52 साल निवासी लखनवाडा थाना लकनवाडा का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि प्रार्थी की जेवर की दुकान से अज्ञात महिलाओ के द्वारा 03 जोडी सोने की कान की झुमकी कीमती 60,000/- एवं गणेश की दुकान से एक जोडी चांदी का पायल कीमती 10,000/- रूपये की चोरी की गई है कि रिपोर्ट पर थाना बंडोल में अप.क्र. 492/25 धारा 303(2) बी.एन.एस. का पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।
मामला चोरी का होने से पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता को घटना से अवगत कराकर उचित मागदर्शन प्राप्त करते हुये एसडीओपी सिवनी श्रीमती पूजा पाण्डेय के नेतृत्व में थाना प्रभारी बंडोल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आसपास लगे हुये सी.सी.टी.व्ही. कैमरो को चैक किया गया जिसमे 03 संदिग्ध महिलाये घटना कारित हुये दिखाई देने पर तत्काल हमराह स्टाप के तकनीकी माध्यम से सर्चिग प्रारम्भ की गई जो उक्त महिलाये के ग्राम गंगेरूआ हार पर छिपी हुई मिली जिनसे घटना कारित करने के संबंध में कडाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुये घटना कारित करना बताई। आरोपिगण (1) श्रीमती श्यामबती पति संतराम अहिरवार उम्र 40 साल निवासी ग्राम विनेकी मरकावाडा थाना अमरवाडा (2) श्रीमति कस्तुरी पति सनपत अहिरवार उम्र 45 साल निवासी ग्राम मेहलोन थाना अमरवाडा (3) श्रीमति राजबती पति घनश्याम पीपले उम्र 25 साल निवासी ग्राम विनेकी मरकावाडा थाना अमरवाडा । जप्ती मे 03 जोडे सोने के कान के झुमके कीमती 60,000 रूपये, 01 नग चांदी की पायल कीमती 10,000 रूपये कीमती 70,000 रूपये।
उक्त कार्यवाही मे सउनि शिवेन्द्र वसूले, सउनि देवेन्द्र जायसवाल सायबर सेल प्र.आर.53 जयेन्द्र बघेल, प्र.आर.841 संदेश परतेती, आर. 446 संतोष डेहरिया, म. आर. 659 शानू नागरे शामिल रहे।

# कलेक्टर श्रीमती पटले ने किया जिला चिकित्सालय का गहन निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शनिवार को जिला चिकित्सालय सिवनी का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, डीडीसी दवा वितरण केंद्र, टीकाकरण कक्ष, ऑपरेशन थियेटर (ओटी), नवजात पुनर्जीवन केंद्र (एनआरसी), प्रसूति वार्ड, बाल वार्ड, एनसीडी, पीआईसीयू तथा एसएनसीयू का अवलोकन किया।
निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा कर अस्पताल में दी जा रही चिकित्सा सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया।
कलेक्टर ने बच्चों में कफ सिरप के उपयोग को लेकर भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने के निर्देश सभी चिकित्सकों को दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित व प्रभावी बनाने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह, सिविल सर्जन डॉ. विनोद नावकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।का मनोबल भी सुदृढ़ करेगा।

# पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मौसम बिसेन ने सिवनी नगर में किया दौरा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मौसम बिसेन ने सिवनी नगर में किया दौरा सिवनी नगर में पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य एवं राज्य मंत्री मौसम बिसेन का दोपहर 1 बजे सिवनी आगमन हुआ पिछड़ा वर्ग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा तथा स्थानीय कार्यक्रम विश्राम गृह एवं भाजपा कार्यालय पूर्व विधायक नरेश दिवाकर के निवास एवं सुदेश राहंगडाले के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं परिचितों से भेंट किया गया मौसम बिसेन का प्रत्येक स्थान में स्वागत सम्मान किया गया शाम 6 बजे सिवनी से बालाघाट के लिए प्रस्थान हुआ।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजादेवरी का भूमिपूजन

**सिवनी-** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने बीजादेवरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का लोकार्पण कर ग्रामीणों को विकास कार्य की शुभकामनाएं दिया। आज निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बीजादेवरी मे आयोजित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे सहभागिता कर फीता काट कर विद्यालय का लोकार्पण किया। इसके पूर्व आपके ग्राम आगमन पर ग्रामीणों द्वारा फूल वर्षा व कलश लेकर भव्य आगवानी की गयी। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चन कर नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त विद्यालय भवन का लोकार्पण किया गया। तथा विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना कर उत्साह वर्धन किया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव की मंशानुरूप दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षण सुविधाओं की कमी को दूर करने एवं शैक्षणिक संसाधनों के विकास हेतु सरकार द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है। जिसमें नये विद्यालय भवन निर्माण, पुराने भवनों का जीर्णोद्धार, शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता एवं आवश्यक संसाधनों की पूर्ति की जा रही है। जिससे छात्र-छात्राओं को एक बेहतर शैक्षिक अनुभव मिले और गांव मे ही सकारात्मक वातावरण मे वे अपनी पूरी लगन से पढ़ाई कर सकें।

# गायत्री शक्तिपीठ के द्वारा मेधावी छात्र एवं श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**केवलारी-** गायत्री शक्तिपीठ के द्वारा गायत्री मंदिर परिसर मे तहसील स्तरीय मेधावी विधार्थियों एवं श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन अशीष भराडे एसडीओपी, सचिव कुमार पप्पू जैन अध्यक्ष कामधेनु गौशाला, दुर्गा प्रसाद साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, दामोदर प्रसाद शुक्ला पूर्व सरपंच , सचिन अवधिया पूर्व मंडल अध्यक्ष, रमाशंकर महोबिया, रफीक खान पत्रकार, एल आर बछालिया प्राचार्य सांदीपनी विद्यालय, ए के अवस्थी उपप्रचार्य सांदीपनी विद्यालय, अरुण चौरसिया पूर्व अध्यक्ष जल उपभोक्ता संस्था एवं कार्यक्रम के



मुख्य वक्ता गायत्री शक्तिपीठ सौसर के प्रमुख नरेंद्र हिंगवे की गरिमामयी उपस्थिति मे आयोजित किया गया । इस ऐतिहासिक समारोह में विकासखण्ड केवलारी के 324+24 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में 80त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, तथा प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में चयनित अधिकारी, डॉक्टर एवं इंजीनियर युवाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 के तहसील स्तरीय प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं नियत राशि से पुरस्कृत किया गया।
गायत्री शक्तिपीठ के प्रबंधक सुरेंद्र साहू के प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम ने मेधावी विधार्थियों का मान बढ़ाया आगे चलने का मार्ग प्रशस्त किया।
तहसील समन्वयक विनोद बर्मन ने भारतीय संस्कृति ज्ञान व कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता व कार्यक्रम अध्यक्ष नरेन्द्र हिंग्वे सौसर छिंदबाडा ने संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता, गुरुजनों और बड़ों का सम्मान ही सच्ची शिक्षा का मूल है। भारतीय संस्कृति और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध ही शिक्षित होने का असली प्रमाण है।

### एमपीपीएससी परीक्षा के माध्यम से चयनित विशेष प्रतिभाओं का भी हुआ सम्मान

समारोह में केवलारी क्षेत्र की विशिष्ट प्रतिभाओं को विशेष सम्मान प्रदान किया गया, जिनमें सुश्री आरती करवेटी (पिता श्री आर. एस. करवेटी, भरवेली पंडिया छपारा) डीएसपी के लिए चयनित, सुश्री निकिशा बघेल सहायक संचालक वाणिज्यकर अधिकारी,श्री अभय राहंगडाले जीएसटी इंस्पेक्टर, डॉ. स्त्रजन साहू, डॉ. आर्यांश जैन, डॉ. अक्षय अवधवाल, डॉ. मानव अवधिया, डॉ. वंशिका मोदी तथा इंजीनियर युवाओं को सम्मानित किया गया। सभी विशिष्ट प्रतिभाओं को अतिथियों द्वारा सम्मान शील्ड, पुष्पगुच्छ और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस सुअवसर पर भारी संख्या में महिला पुरुष ओर गणमान्य नागरिको की उपास्तिथी थी।

# किडनी फेल्योर को समझें: डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांट कैसे बचाते हैं जीवन -डॉ. विशाल वसंत रामटेके, प्रिंसिपल कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर

**सिवनी।** क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) एक ऐसी बीमारी है जिसमें किडनी धीरे-धीरे खून से अपशिष्ट पदार्थों को फिल्टर करने और शरीर में एसिड-बेस संतुलन को बनाए रखने की क्षमता खो देती हैं। यह गंभीर बीमारी भूख न लगना, थकान, शरीर में सूजन, सांस लेने में दिक्कत और हीमोग्लोबिन का कम होना जैसी समस्याओं के रूप में सामने आ सकती है । हालांकि यह स्थिति डरावनी लग सकती है, लेकिन मेडिकल के क्षेत्र में हुई प्रगति ने किडनी फेल्योर के बाद जीवन को काफी बेहतर बना दिया है। डॉ. विशाल वसंत रामटेके, प्रिंसिपल कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने इसके बारे में जानकारी साझा की ।
डॉ. विशाल वसंत रामटेके, प्रिंसिपल कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने बताया की, जब किसी मरीज की किडनी ठीक से काम नहीं कर पाती, तो डायलिसिस एक जीवनरक्षक इलाज के रूप में काम करती है। डायलिसिस, जिसे रीनल रिप्लेसमेंट थेरपी भी कहा जाता है, जो दो प्रकार की होती है: हीमो डायलिसिस और पेरीटोनीयल डायलिसिस, जिसे सीएपीडी (कॉन्टिन्युअस एंबुलेटरी पेरीटोनीयल डायलिसिस) भी कहा जाता है। हीमो डायलिसिस में, मरीज के खून से टॉक्सिन और अतिरिक्त पानी को मशीन के माध्यम से फिल्टर किया जाता है। ज्यादातर मरीजों को हफ्ते में तीन बार डायलिसिस करवानी पड़ती है, और हर सेशन लगभग चार घंटे का होता है, जो डायलिसिस सेंटर में किया जाता है। कुछ मामलों में इसे घर पर भी किया जा सकता है, जिसे होम हीमोडायलिसिस कहा जाता है। सीएपीडी में, मरीज की अपनी पेरीटोनीयल मेम्ब्रेन (अब्डोमिनल कैविटी की परत) एक प्राकृतिक फिल्टर की तरह काम करती है। पेट में एक विशेष डायलिसिस फ्लूइड डाला जाता है और फिर इसे सर्जरी द्वारा लगाई गई नरम ट्यूब के माध्यम से बाहर निकाला जाता है। यह प्रक्रिया आमतौर पर दिन में 3-4 बार घर पर की जाती है। हर साइकिल लगभग चार घंटे की होती है और इसे मरीज खुद या मशीन की मदद से कर सकता है।



हीमो डायलिसिस और सीएपीडी दोनों ही सुरक्षित और प्रभावी तरीके हैं। मरीज अपनी जीवनशैली और सुविधा के अनुसार कोई भी तरीका चुन सकते हैं। उन सीकेडी मरीजों के लिए जो किडनी ट्रांसप्लांट के लिए योग्य नहीं हैं या जब कोई डोनर उपलब्ध नहीं होता, सही तरीके से डायलिसिस करने पर लंबे समय तक जीवन बचाया जा सकता है।
डॉ. विशाल वसंत रामटेके, प्रिंसिपल कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी ने आगे बताया की, जहां डायलिसिस से जीवन की अवधि बढ़ सकती है, वहीं किडनी ट्रांसप्लांट न केवल लंबी उम्र देता है बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बहुत बेहतर बनाता है। इस प्रक्रिया में, किसी जीवित या मृतक डोनर की स्वस्थ किडनी सर्जरी द्वारा मरीज में प्रत्यारोपित की जाती है, जिससे किडनी लगभग सामान्य रूप से काम करने लगती है। यह शरीर से अशुद्धियों को निकालने, पेशाब बनाने, एनीमिया सुधारने, ब्लड प्रेशर नियंत्रित करने और हड्डियों तथा प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती है।
आधुनिक दवाओं की उपलब्धता के कारण, जो प्रत्यारोपण के बाद किडनी के अस्वीकृति को रोकती हैं, किडनी ट्रांसप्लांट अधिकांश मरीजों के लिए बेहतर परिणाम देती है। यह जीवनशैली पर कम प्रतिबंध डालता है और अधिक सक्रिय जीवन जीने में मदद करता है। लंबे समय तक डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांट के विकल्प में, किडनी ट्रांसप्लांट ही बेहतर विकल्प माना जाता है क्योंकि यह जीवन की अवधि और जीवन की गुणवत्ता दोनों में सुधार करता है।
समय पर नेफ्रोलॉजिस्ट (किडनी विशेषज्ञ) द्वारा मूल्यांकन, सही इलाज का चयन और नियमित फॉलो-अप अच्छे परिणाम पाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। किडनी फेल्योर निश्चित रूप से एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन डायलिसिस और ट्रांसप्लांट जैसी उन्नत किडनी देखभाल की तकनीकों के साथ कई लोग सालों तक जीवित रह सकते हैं और सक्रिय, सार्थक जीवन की उम्मीद कर सकते हैं।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के स्वयंसेवक निरंतर जरूरतमंद की सहायता हेतु कर रहे



रक्तदान सिवनी इंदिरा गांधी जिला हॉस्पिटल सिवनी में हमारे संगठन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा एक जरूरतमंद व्यक्ति श्याम हरिनखेड़े की भांजी रचना वंशकार को रक्तदान किया गया। इस मानवता से प्रेरित कार्य में संगठन के सदस्य सूरज चौहान द्वारा रक्तदान किया गया।
इस अवसर पर संगठन के कार्यकर्ता दीपक रजक, अरुण रजक एवं शिवा तिवारी उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारिय जिला उपाध्यक शिवा तिवारी एवं दीपक रजक ने कहा कि "रक्तदान जीवनदान है, जरूरतमंद की सहायता करना हमारा कर्तव्य और धर्म है।" यह कार्य अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की समाजसेवा और मानवता के प्रति समर्पण की भावना को दर्शाता है।

# कफ सिरप की जांच के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और एएनएम द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा सर्वे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

छिंदवाड़ा एवं बैतूल जिले में कफ सिरप के उपयोग से बच्चों की मौत होने पर बालाघाट जिले में सतर्कता और सावधानी बरती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल स्टोर्स एवं दवा विक्रेता प्रतिष्ठानों की जांच कर श्रीसन कंपनी के कफ सिरप एवं दवाओं को सीज कर दिया गया है । इसके पश्चात महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से घर-घर जाकर छोटे बच्चों वाले परिवारों का सर्वे अभियान प्रारंभ किया गया है और इस अभियान में बच्चों के परिजनों से कफ सिरप के उपयोग की जानकारी एकत्र की जा रही है। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास जबलपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के प्रतिपालन में बालाघाट जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम द्वारा घर-घर जाकर कफ सिरप के उपयोग की जानकारी एकत्र की जा रही है।





महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस सर्वे अभियान में घर घर जाकर 0 से 05 वर्ष तक के बच्चे वाले घरों में जाकर बच्चों को कोलड्रिफ कफ सिरप पिलाया गया है या नहीं इसकी जानकारी करें और कफ सिरप लेने वाले बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लें। सर्वे के दौरान बच्चों को दिए गए कफ सिरप की बाटल भी देखने कहा गया है। सर्वे कार्य पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए गए हैं।

## समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए 1 लाख 27 हजार 518 किसानों का हुआ पंजीयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



चालू खरीफ सीजन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 10 अक्टूबर 2025 तक किया गया है। निर्धारित अवधि में जिले के 01 लाख 27 हजार 518 किसानों का पंजीयन किया गया है। पंजीयन कराने वाले किसानों से ही समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरएस ठाकुर ने बताया कि धान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2025 निर्धारित थी। इस अवधि में जिले की 11 तहसीलों में 01 लाख 27 हजार 518 किसानों द्वारा 01 लाख 74 हजार 988 हेक्टेयर रकबे की धान का पंजीयन कराया गया है। जिसमें लालबर्रा तहसील से 18558, खैरलांजी से 16198, वारासिवनी से 15236, किरनापुर से 13655, बालाघाट से 13635, लांजी से 12025, बिरसा से 9923, कटंगी से 9917, परसवाड़ा से 7353, तिरोड़ी से 5987 एवं बैहर तहसील से 5031 किसानों ने धान उपार्जन के लिए अपना पंजीयन कराया है।

### बैगा जनजाति की छात्राओं से कहा तुम तो हमारे स्कूलों की भावी टीचर हो

## सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार परख एप्प के माध्यम से छात्रावासों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने 11 अक्टूबर को शासकीय अनुसूचित जनजाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास बालाघाट का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा और छात्राओं से उन्हें मिल रही सुविधाओं को लेकर चर्चा की।

छात्रावास के निरीक्षण के दौरान कुल 45 छात्राएं उपस्थित पायी गई। छात्राओं से चर्चा के दौरान पता चला कि उनमें से गढ़ी क्षेत्र की 04 छात्राएं हैं जो बैगा जनजाति की हैं और गणित विषय लेकर स्नातक कक्षा की पढ़ाई कर रही है। इस पर सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने इन छात्राओं को समझाया कि वे आगे की पढ़ाई भी गणित व विज्ञान विषय के साथ पूरी करें और कहा कि तुम तो हमारे स्कूरलों की भावी शिक्षक हो। उन्होंने छात्राओं से कहा कि अपने गांव में जाकर बच्चों को बताएं कि गणित एवं विज्ञान विषय लेकर बैचलर डिग्री करें, जिससे वे बीएड करने के बाद अपने जिले एवं गांव में ही शिक्षक बन जाएंगी। बालाघाट जिले में इन विषयों के पद खाली है।

छात्रावास के निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने छात्राओं को प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी और बताया कि छात्राओं के खाते में प्रतिमाह 165 रुपए मासिक खर्च के लिए जिला कार्यालय द्वारा जमा कराये जाते हैं। छात्राओं द्वारा बताया गया कि उनके खाते में यह राशि नियमित रूप से आ रही है। श्रीमती डामोर ने छात्रावास अधीक्षिका को छात्रावास में रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए गए और कहा कि छात्रावास में स्वच्छता बनाये रखें, छात्राओं को पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण उपलब्ध करायें।

## कार्यपालन अभियंता के मार्गदर्शन में 132 केवी उपकेंद्र बालाघाट का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता रवि कुमार कुम्हरे के मार्गदर्शन में 11 अक्टूबर को ट्रांसमिशन कंपनी 132 के वी उपकेन्द्र बालाघाट में दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक हुए शटडाउन को समय रहते पूरा किया _बालाघाट 132 kv ट्रांसमिशन कम्पनी सबस्टेशन क़े साथ डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी विधुत विभाग द्वारा इस शटडाउन का लाभ उठाते हुए शहर वितरण केन्द्र को विधुत आपूर्ति करने वाले 33/11 kv सबस्टेशन मोतीनागर, 33/11 kv s/s बूढ़ी, 33/11 कॉलोनी, में कार्य किया गया इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र क़े 33/ 11 के वी उपकेंद्र, सालेटेका, लोहरा, भरवेली में भी सबस्टेशन का एवं लाइनों का मेंटेनेंस कार्य किया गया. उपकेंद्र में किये गए कार्य-बड़े स्तर पर प्लानिंग कर एक साथ 132 kv सब स्टेशन शहर, ग्रामीण क्षेत्र में कार्य किया गया कार्यपालन अभियंता रवि कुमार कुम्हरे बालाघाट संभाग द्वारा एक सप्ताह पहले प्लानिंग कर संभाग क़े कनिष्ठ अभियंता, सहायक अभियंता को टीम तैयार कर एक साथ लाइन मेंटेनेंस करने क़े निर्देश दिए गए थे ताकी दीपावली के पूर्व मेंटेनेंस कार्य कर आगामी आने वाले त्योहारों धनतेरस, दीपावली पर्व में विद्युत सप्लाई उपभोक्ताओं को प्रदान की जा सके ।



### उपकेंद्र में किए गये कार्य

जले/ ख़राब कंडक्टर जम्पर को बदला गया, सबस्टेशन आइसोलेटर, AB स्विच, कंट्रोल पैनल क़े रख रखाव कार्य किया गया,फीडर पैनल, VCB की सेटिंग एवम रिले बदले गए,सबस्टेशन बस-बार, पॉवर ट्रांसफार्मर, का मेन्टेनास कार्य किया गया, 33kv, 11 kv लाइन का मेन्टेन्स कार्य किया गया, एवम शहर क़े 11केवी गायखुरी में फीडर का पुराना कंडक्टर चेंज कर नया कंडक्टर लगाया गया ताकी आगामी गर्मी के मौसम में शहर क़े उपभोक्ताओं को वोल्टेज की समस्या ना हो.उक्त कार्य को बालाघाट संभाग के कार्यपालन अभियंता रवि कुमार कुम्हरे , ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह वल्के , एवं सहायक अभियंता स्वाति बिसेन के मार्गदर्शन में किया गया ।

## एसडीम किरनापुर ने सांसद खेल प्रतियोगिता2025 को लेकर ली बैठक



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर के सभा कक्ष में 10अक्टूंबर को सांसद खेल 2025 से संबंधित आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें अनुविभागीय अधिकारी श्री मायाराम कोल विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जीपी सोनी महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती डां. सुनीता जैन , गौरव वैस प्रतिनिधि सांसद खेल महोत्सव, आई एस ठाकरे उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर ,प्रज्ञात वासनिक विकासखंड युवा समन्वयक लांजी, रीना रतनेरे ब्लॉक समन्वयक, शिव तारन प्रतिनिधि सांसद खेल महोत्सव, सुरेंद्र चित्रिव शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर, वीणा चौधरी, संदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय राजेगाव, आशा सुलाखे शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मौदा,विशाल पटले शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नेवारा, गीता भोयरकर शासकीय हाई स्कूल सलेटेका, डी एल चचाने, मिडिया से मदन मोहन पाराशर, देवेंद्र गोंडाने उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता इटारसी में कन्या शिक्षा परिसर की बेटियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शासकीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 04 बालिकाए प्राची टेकाम, प्रतीक्षा धुर्वे, वसुंधरा धुर्वे और स्वाति वायाम का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। संस्था में कार्यरत पीटीआई कमल किशोर तेलासे ने बताया कि अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार विभागीय राज्य स्तरी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शहडोल में किया गया जिसमें जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत आने वाले 22 जिलों के बच्चे सम्मिलित हुए।

इस प्रतियोगिता में कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट की 08 बालिकाए सम्मिलित थी। जिसमें से 04 बालिकाओं का चयन स्कूल राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता इटारसी के लिए किया गया था। चयनित चारों बच्चे ने राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता इटारसी में अपने उत्कृष्ट खेल से सबका मन मोह लिया और टीम फाइनल में इंदौर को हराकर विजेता बनी। इस प्रतियोगिता में प्राची टेकाम ने 09 गोल किए और प्रतीक्षा धुर्वे ने 05 गोल किए। डिफेंडर के रूप में वसुंधरा और स्वाति ने भी अपना अच्छा प्रदर्शन किया।

यह प्रतियोगिता 04 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक आयोजित की गई। सभी बच्चों को विभाग प्रमुख सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर संस्था के प्राचार्य श्री पीके अंगूरे, जिला खेल प्रभारी डीके मेश्राम, श्री आर एस कुशराम, कोच जिला फुटबॉल संघ के सचिव सुनील यादव, एथलेटिक्स जिला संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारें, कराटे प्रशिक्षण प्रशिक्षक साजिद कृष्णन कुट्टी, आकाशवाणी उद्घोशक श्री अजय ठाकुर, श्री शैलेंद्र यादव, समस्त पीटीआई एवं संस्था के समस्त स्टाफ ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं ।

## पति की लंबी उम्र की कामना में सुहागिनों ने रखा करवा चौथ का व्रत



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** करवा चौथ पर आस्था और प्यार का रंग चढ़ा, शहरभर में रही रौनक लालबर्रा क्षेत्र में शुक्रवार को करवा चौथ का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया. सुबह से ही सुहागिनें पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी नजर आईं और निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की. दिनभर बिना अन्न-जल ग्रहण किए महिलाओं ने ईश्वर से अपने पतियों की दीर्घायु की प्रार्थना की. शाम होते ही बाजारों और ग्रामीण इलाकों के ब्यूटी पार्लरों में सुहागिनों की भीड़ उमड़ पड़ी. महिलाओं ने मेहंदी रचाई, पारंपरिक सोलह श्रृंगार किया और करवा चौथ के रंग में रंग गईं. रात में चांद के दर्शन के बाद सुहागिनों ने विधि-विधान से अर्घ्य अर्पित कर अपने पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत तोड़ा. कई स्थानों पर समूह में पूजा-अर्चना की गई, जहां महिलाओं ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं. करवा चौथ का यह पर्व वैवाहिक प्रेम, निष्ठा और आस्था का प्रतीक है. इस मौके पर महिलाओं के चेहरों पर श्रृंगार की चमक और आंखों में अपने जीवनसाथी के प्रति समर्पण की झलक देखते ही बनती थी. मंदिरों और घरों में पूरे दिन भक्तिमय माहौल रहा. जैसे ही चांद निकला, गांव-शहर की छतों पर थाली और छलनी लिए महिलाओं का उत्साह चरम पर था. हर ओर करवा चौथ की रौनक छाई रही।

### मांगा वेतन मिली गालियां, मामला जनपद पंचायत लालबर्रा का

## रोजगार संगठन ने जनपद सीईओ को सौपा आवेदन



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** विगत तीन माह से वेतन न मिलने का दंश भोग रहे ग्राम पंचायत में कार्यरत रोजगार सहायकों द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पारधी के नेतृत्व में शुक्रवार को शाम 4 बजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदरसिंह मंडलोई को 3 माह से वेतन न मिलने से होने वाली विभिन्न परेशानियों से अवगत करवाया वहीं महोदय द्वारा फोन एवं आमने-सामने अनर्गल वार्तालाप करने का आरोप आवेदन के माध्यम से लगाया। चर्चा में रोजगार संगठन ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पारधी ने कहा कि विगत तीन माह से रोजगार सहायकों को वेतन नहीं मिल पाया है, इस संबंध में ग्रुप में मेरे द्वारा वेतन के संबंध में टिप्पणी की गई जिस पर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा कोई टिकट टिप्पणी नहीं की गई, टिप्पणी पश्चात प्रातः 9 बजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी का कॉल आया कि तू बहुत ज्यादा नेता बन रहा है वेतन के बारे में तुझे क्या मालूम सहित अन्य तू तडाक सहित वार्तालाप की गई जिससे सर्व रोजगार सहायक आहत है। श्री पारधी ने कहा कि सीईओ महोदय के इस दुर्व्यवहार से सभी आहत हैं, श्री पारधी ने कहा कि महोदय को चाहिए कि सभी को विश्वास में लेकर कार्य करें जो भी संगति आ रही है वह स्पष्ट करें।

**फैसला सुन हुआ रोजगार सहायक मूर्छितः** विगत 3 वर्षों से जनपद पंचायत लालबर्रा की कमान संभाल रहे मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंदरसिंह मंडलोई के कार्य व्यवहार से समस्त क्षेत्रीयजन वाकिफ है, ज्यादातर ऑफिस के बजाय अपने सरकारी क्वार्टर में आराम फरमाते हैं, कॉलेज की छात्राएं आए दिन साहब को खोजते रहते हैं ताकि वह गांव की बेटी दस्तावेज में साइन करवा सकें लेकिन साहब को अपने कमरे में आराम फरमाने से फुर्सत कहां। इन्हीं सभी बातों का दिमाग में लेने के कारण ददिया ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक देवेंद्र बोपचे मूर्छित हो गया। जिसे साथियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया।

## उप संचालक कृषि मालवीय ने बेनेगांव एवं लवेरी में प्राकृतिक खेती का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत विकासखंड- किरनापुर में उपसंचालक कृषि सह परियोजना संचालक श्री फूलसिंह मालवीय, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती विनिता रंगारी, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक श्री जगदीश कुटारिये, कृषि सखी श्रीमती सुनीता सिहोरे, श्रीमती अनीता सुलाखे, श्रीमती ओमेश्वरी बंसोड़ के द्वारा कलस्टर- बेनेगांव से कृषक- श्री परसराम सिहोरे, श्री रामप्रसाद ढेकवार,कलस्टर- लवेरी में श्री तिलकचंद ढोमने, श्रीमती अनीता सुलाखे, क्लस्टर- बेलगांव में कृषक श्री गणेश समरिते के खेत एवं कृषकों द्वारा बनाए गए प्राकृतिक उत्पाद का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण में पाया गया कि प्राकृतिक खेती युक्त धान फसल में कीट- व्याधियों का प्रकोप जैसे- तना छेदक, माहू इत्यादि बिल्कुल भी नहीं है , जबकि रासायनिक खाद का उपयोग करने वाले खेतों में इसका प्रकोप देखा गया। इस प्रकार से देखा जाए तो प्राकृतिक खेती कृषकों के लिए निश्चित ही वरदान साबित हो रही है।

## दो बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट में दो बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। घटना शनिवार सुबह 11 बजे हुई है। मृतक 23 साल का राहुल ठवकर है। जब राहुल अपने दोस्त लक्की लिल्हारे के साथ बालाघाट से लगे बगदर्रा गांव में अपनी मौसी से मिलने जा रहा था। गर्रा में उनकी बाइक की भिड़ंत विकास गेडाम (28) की बाइक से हो गई। राहुल ठवकर सूरत में एक मॉल में मेंटेनेंस का काम करता था और नवरात्रि में ही अपने घर भौरगढ़ लौटा था। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया था। वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया था। इस दुर्घटना में राहुल के दोस्त लक्की को मामूली चोटें आई हैं, जबकि दूसरी बाइक पर सवार विकास गेडाम का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल चौकी पुलिस ने शव बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बालाघाट के आदिवासी बालक आश्रम शाला के बच्चों ने जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया



**बालाघाट।** जनजातीय कार्य विभाग, बालाघाट के मार्गदर्शन में शासकीय आदिवासी बालक आश्रम, बालाघाट के बच्चों ने लगातार चौथी बार जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है और इस संस्था ने अपनी उत्कृष्टता और परंपरा को बरकरार रखा है। इसी प्रकार नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आवासीय बालिका छात्रावास बैहर की छात्राओं ने रोल प्ले प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस संस्थानों ने अपने सांस्कृतिक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया है। अब इन दोनो संस्थान के बच्चे खंडवा में 14 से 15 अक्टूबर तक होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगें और बालाघाट जिले का नाम रोशन करेंगें।

बालाघाट में संचालित अंग्रजी माध्यम की यह आश्रम शाला एवं बैहर का बालिका छात्रावास जनजातीय संस्कृति, शिक्षा और प्रतिभा के अनूठे संगम को प्रदर्शित करते हैं। इस सफलता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने आश्रम शाला के बच्चों, बालिका छात्रावास की छात्राओं एवं वहां के स्टाफ को बधाई है एवं खंडवा की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने के लिए शुभकामनायें दी है।

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिला स्तरीय लोकनृत्य एवं रोल प्ले प्रतियोगिता 10 अक्टूबर को डाईट बालाघाट में आयोजित की गई थी। लोकनृत्य प्रतियोगिता में आदिवासी अंग्रेजी माध्यम बालक आश्रम की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। आश्रम शाला के छात्र आयुष सैयाम, निहाल सिरसाम, साहिल भलावी, धीरेन्द्र मेरावी, चित्रसेन उईके एवं ऋषि धुर्वे की टीम ने किशोर किशोरी एक समान थीम पर शिक्षक श्री एमएस घरडे, श्रीमती वाय पटेल एवं श्रीमती प्रीति सिंह परिहार के मार्गदर्शन में अपनी प्रस्तुति दी है। इसी प्रकार रोल-प्ले प्रतियोगिता में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास बैहर की टीम विजेता रही है। शिक्षक श्रीमती नीना परिहार के मार्गदर्शन में छात्रा अर्चना धुर्वे, रागिनी आर्मो, काम्या ठाकरे, नीतू रेखाम एवं वर्षा धुर्वे की टीम ने स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने की थीम पर अपनी प्रस्तुति दी।

## ग्राम पंचायत की बैठक मे जनहितैसी कार्य स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

मुख्यालय की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत पांडरवानी लालबर्रा की आज शनिवार को लालबर्रा ग्राम पंचायत कार्यालय के सभाहाल मे सरपंच अनीस खान की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न हुई जिसमे विभिन्न मुद्दों, सुझाव सहित जनहितैसी कार्यों पर चर्चा व स्वीकृति पारित हुई। जिसमे आगामी दीपावली व मण्डड़ी मेला पर्व मे विशेष साफ सफाई अभियान, नवीन निर्माण कार्यों को अतिशीघ्र प्रारम्भ करने, शापिंग कम्पलेक्स से संबंधित, आगामी 14 तारीख को लालबर्रा नगर मुख्यालय मे सांसद खेल महोत्सव के आयोजन मे पंचायत की सहभागिता, सहित विभिन्न विषयो पर चर्चा हुई इस अवसर पर सरपंच अनीस खान, सचिव रणविजय सिंह, सहायक सचिव कृष्णा पंचेश्वर, पंचगण आबिद कुरैशी, सावन पंचेश्वर, आम्रपाली रंगारे, विनोद पचेश्वर, कृष्ण कुमार यादव, हेमलता मात्रे, मिथुन बोरकर, सरिता नागेश्वर, रितेश्वरी भोंगाड़े, सविता साहू, सुधीर जैन, मुकेश पटले, शिला धुर्वे, अप्पू भूपेंद्र कुमहरे, क़ाफ़ियाँ रंगरेज़, शाकिर खान, गीता घाटे, अमरीन खान, तस्मीन फिरदोस सहित स्टॉफ उपस्थित थे।